हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 कृषि उत्पादन बढ़ाने कृषि विभाग ने किसानों ...



12 जिले में चलेगा टीकाकरण और टीबी मुक्त अभियान





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# ज्ञानभारतम मिशन-पाण्डुलिपियों को सहेजने गांवों का होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञानभारतम मिशन अंतर्गत पाण्डुलिपियों को संरक्षित व सहेजने के लिये अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले में उपलब्ध पाण्डुलिपियों क्री सूची तैयार करने के लिये प्रगणको द्वारा सर्वे किया जाएगा।

मुख्य सचिव विकासशील ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर एवं जिला समिति की सदस्यों की बैठक लेकर सर्वे पाण्डुलिपि सर्वे में तेजी लाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि ज्ञानभारतम मिशन का उद्देश्य हमारी संस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करना है। इसमें कम से कम 75 वर्ष पुराने पाण्डुलिपि, ताम्रपत्र, ताड़पत्र को शामिल किया गया है। पाण्डुलिपि से सम्बधित जानकारी ज्ञानभारतम एप में अपलोड किया जाएगा।

पाण्डुलिपियों को बड़ी सावधानी से स्कैनिंग कर डिजिटलीकरण किया जाएगा। पाण्डुलिपि के संबंध में जानकारी कोई भी दे सकता है। किसी के पास ग्रन्थ या पत्र के रूप में पाण्डुलिपि होने पर प्रशासन केवल उसको संरक्षित करते हुए स्कैनिंग करेगा, मूल पाण्डुलिपि केवल व्यक्ति की इच्छा पर ही प्रशासन अपने पास रखेगा।

## मुख्य सचिव ने ऑनलाइन बैठक लेकर सर्वे में तेजी लाने के दिए निर्देश



### सर्वे का कार्य 31 मई तक करें पूरा

उन्होंने कहा कि सभी जिले सर्वे का कार्य 31 मई तक पूरा करें। इस दौरान मंदिर, मठ, स्कूल, कॉलेज, ग्रंथालय, ऐतिहासिक स्थलों क्री जानकारी लेकर गहन सर्वे कर सूची तैयार करें। जिले के इतिहासकार, साहित्यकार, पत्रकार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उनके परिवार के सदस्यो से चर्चा कर जानकारी एकत्रित करने कहा।

## खबर संक्षेप

### फोर लाइन सड़क निर्माण की सुगबुगाहट से गरीबों की धड़कन तेज

**गोपालपुर**। सरकार गाड़ियों के संख्या को बढ़ते देखकर सड़क को हाईवे नेशनल फोर लाइन निर्माण करने निर्णय लिया है, जो स्वागत योग्य है। इसी तारतम्य में रायपुर से सारंगढ़ नेशनल हाईवे फोर लाइन सड़क निर्माण के प्रक्रिया अंतिम चरण पर है। सूत्रों के अनुसार कुछ दिनों के पश्चात कार्य प्रारंभ होने चर्चा सुनने को मिल रही है। जिसमें कुछ लोग खुशी जाहिर कर रहे हैं और कुछ लोगों को मायूसी देखने को मिल रही है, जो आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति है, जो सड़क किनारे धंधा पानी कर के अपने जीवन निर्वाह कर या सड़क किनारे मकान में निवास कर रहे हैं। ऐसे गरीब लोगों के धड़कन तेज हो रही है। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति ने मौखिक चर्चा करने पर बताया कि सड़क फोर लाइन निर्माण होने पर दुकान टूट जाने पर दुकान संचालित करने के जगह नहीं मिलने कर धंधा चौपट हो जाएगा, जिससे परिवार चलाने के चिंता सताया हुआ है। सड़क किनारे के मकान में निवास कर रहे हैं और वह मकान टूट जाता है, तो हालांकि सरकार मुआवजा देगा लेकिन मकान निर्माण करने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है, याने कहने का मतलब गरीबों को अनेक समस्याओं से गुजरना पड़ेगा। हालांकि वाहन के दबाव को देखते हुए सरकार फोर लाइन सड़क निर्माण कर रही है वह जायज है और जनहित में है।

## भीषण सड़क हादसा: ढाबाडीह पेट्रोल पंप से खाली कर लौट रहा था टैंकर

# रेत से भरी हाइवा और डीजल टैंकर की भिड़ंत में दोनों चालक घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भवानीपुर/पलारी

गिधपुरी-पलारी मुख्य मार्ग पर ग्राम भवानीपुर नाला के पास बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रेत से भरी हाइवा और डीजल टैंकर के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिससे दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार डीजल टैंकर क्रमांक सीजी 04 एन एफ 7301 बलौदाबाजार स्थित ढाबाडीह पेट्रोल पंप से खाली होकर वापस आ रहा था, जबकि रेत से भरा हाइवा क्रमांक सीजी 22 ए जी 9200 गिधपुरी की ओर से आ रहा था। भवानीपुर नाला के पास दोनों वाहन आमने-सामने भिड़ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### हादसे के बाद सड़क पर लगा जाम

*हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने सुचारू कराया। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही माना जा रहा है, हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।*

### मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पहुंचा अस्पताल

घटना की जानकारी मिलते ही गिधपुरी थाना प्रभारी उनेस देशमुख अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। हरिशचंद्र पटेल पिता रामचरण पटेल 30 वर्ष निवासी गांधी ग्राम मंदिरहसौद मुकेश टंडन पिता भरत टंडन 27 वर्ष निवासी ग्राम अकलतरा थाना ग्रामीण भाटापारा है।

## 30 फीट गहरे कुएं में गिरा ट्रैक्टर चालक की मौत, चार घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

ग्राम पंचायत सुरगुली में बुधवार सुबह एक हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया, जब ईंट लेने जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर 30 फीट गहरे कुएं में जा गिरा। इस दर्दनाक दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक संजू केंवट की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर में सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार ग्राम धौराभाठा (धनसीर) से ट्रैक्टर सुबह लगभग 7 बजे ग्राम सुरगुली की ओर ईंट लेने जा रहा था। रास्ते में सिदार सिंह सिदार के खेत के समीप, देवालय पीठादाई स्थल के पास स्थित 30 फीट गहरे कुएं के पास अचानक चालक का नियंत्रण ट्रैक्टर से हट गया और पूरा ट्रैक्टर सीधे कुएं में जा गिरा। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। कुएं के अंदर से घायल लोग दर्द से कराह रहे थे। ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर समुचित व्यवस्था के साथ सभी घायलों को कुएं से बाहर निकाला। घायलों में खिलेश्वर कंवर, दिनेश सिदार, खिलेश्वर सिदार एवं चन्द्रशेखर केंवट शामिल हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए उपस्वास्थ्य केन्द्र धनसीर पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना सलिहा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुरेन्द्र मल्होत्रा ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद आगे की प्रक्रिया के लिए भेज दिया है। इस हादसे से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। संजू केंवट की अचानक हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों ने कुएं के आसपास सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने पर चिंता भी जताई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खुले कुओं के आसपास सुरक्षा घेरा बनाया जाए, या उपयोग नहीं हो रहा है तो पटवा दें, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं से बचा जा सके।

### 'हिंदुत्वनिष्ठों' ने मुख्यमंत्री साय को किया सम्मानित

**रायपुर**। हिंदू जनजागृति समिति आयोजित 'प्रांतीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन' में दिए गए वचनों को पूर्ण करते हुए राज्य में धर्मान्तरण बंदी कानून लागू करना एवं राज्य नक्सलवाद मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हिंदू जनजागृति समिति एवं गोरक्षकों के संयुक्त शिष्टमंडल द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान हिंदू जनजागृति समिति एवं गोरक्षक शिष्टमंडल द्वारा मुख्यमंत्री को कई मांगों लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया।

## जमीन विवाद में बेटे ने की मां की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मगरवाय में मां-बेटे के रिश्ते को कलंकित करने वाली एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। जमीन बंटवारे के विवाद में एक बेटे ने अपनी ही मां की हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।

जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल की शाम लगभग 6 बजे आरोपी धनेश्वर वर्मा 42 का अपनी 65 वर्षीय मां बेबी बाई वर्मा के साथ



जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गुस्से में आकर जलाऊ लकड़ी से मां के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से वृद्धा की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। मामले में मृतका के पुत्र बहादुर वर्मा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसमें बताया गया कि आरोपी धनेश्वर वर्मा के साथ जमीन को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। पुलिस ने मामले में धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक ▶▶ शेष पेज 11 पर

## सड़क किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

ग्राम पंचायत नवरंगपुर में बुधवार को पुरगांव रोड हनुमान मंदिर के पास 55 वर्षीय वृद्ध अज्ञात व्यक्ति की लाश पर सड़क किनारे ग्रामीणों की नजर पड़ी। जब ग्रामीणों ने उस व्यक्ति के पास जाकर देखा तो उसकी मौत हो गयी थी। ग्रामीणों ने आनन फानन में सरपंच एवं कोटवार को सूचना दी। अज्ञात व्यक्ति की लाश देखकर क्षेत्र में घटना के बाद सनसनी फैल गई और घटना की सूचना गिधौरी थाना में दी गई। मौके पर पहुंचे गिधौरी पुलिस ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी देकर पतासाजी करने में जुटी है तथा अज्ञात व्यक्ति का शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र कसडोल भेजा गया है।

गिधौरी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की मौत का कारण एक्सीडेंट से मौत होना बताया जा रहा है और मामले की जांच तथा अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की पहचान के लिए आसपास के थानों में फोटो भेजा जा रहा है, ताकि मृत व्यक्ति की पहचान हो सके।



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय:
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
Resume करें - 9977374898

# निजी अस्पताल के कमर्चारी की करंट से मौत, परिजनों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा




नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप संचालित समृद्धि अस्पताल में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। अस्पताल में कार्यरत 27 वर्षीय कर्मचारी संजू बारले की बिजली का करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा जानकारी छिपाने और गुमराह करने के आरोपों के चलते परिजनों ने जमकर हंगामा किया। प्रशासन की जांच में खुलासा हुआ है कि उक्त अस्पताल बिना किसी वैध पंजीयन और लाइसेंस के संचालित हो रहा था।

- अस्पताल के कर्मचारी की करंट से मौत

मिली जानकारी के अनुसार नगर में समृद्धि अस्पताल जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप ही स्थित है जो बिना पंजीयन एवं लायसेंस के संचालित हो रहा है। जहां कार्यरत संजु बारले 27 वर्ष प्रतिदिन की तरह मंगलवार की सुबह वह अपने काम पर अस्पताल आया था, जहां वह कूलर में पानी भरने हेतु टूल्लू पंप चालू करने हेतु बिजली वायर को लगा रहा था कि अचानक उसे जोरदार बिजली का करंट लगने से संजू बारले की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना लगभग 11 बजे के आस पास की बताई जा रही है। संजू को सर्वप्रथम रोशन साहू लैब टेक्नीशियन ने जमीन में पड़े देखा, तब वह अपने सहकर्मी राजू साहू एवं अन्य लोगों के साथ मिलकर उसे उठाकर अस्पताल के बेड पर लिटाकर घटना की जानकारी अस्पताल के संचालक डॉ. आर के सोनवानी को दी। डॉ. सोनवानी ने संजू बारले की जांच कर बताया कि वह मृत हो चुका है, तदोपरांत मृतक के चाचा पंचु बारले पौंसरी निवासी को घटना की जानकारी दी। लेकिन मृतक के माता एवं बहन उषा बारले को घटना की जानकारी देर से मिली। जब मौके पर परिजनों ने घटना के विषय में पूछा तो डॉ. केआर सोनवानी ने पहले तो गुमराह करते हुए कहा कि ▶▶ शेष पेज 11 पर

### दस्तावेज पेश करने का नोटिस जारी

एसडीएम अतुल शेटे ने कहा कि सर्वप्रथम डॉ. आर के सोनवानी को अस्पताल संचालन हेतु कोई विधिवत दस्तावेज पेश करने का नोटिस जारी किया जाएगा, अगर उनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वहीं खंड चिकित्सा अधिकारी पारस पटेल ने बताया कि समृद्धि अस्पताल का न हीं पंजीयन और न हीं लायसेंस हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी धीरेन्द्र दुबे ने बताया कि प्रार्थी पंचु बारले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है। अब देखना है कि बिना पंजीयन एवं लायसेंस के अवैध रूप से संचालित समृद्धि अस्पताल के संचालक के विरुद्ध क्या कार्यवाही होती है या मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है।

Appointment
Jai Raj Steel® STRENGTH YOU CAN TRUST
URGENT OPENINGS
MEGA WALK-IN DRIVE : Date: 24th & 25th April 2026
ELEVATE YOUR STEEL CAREER WITH JAI RAJ ISPAT LIMITED!
BE PART OF OUR MASSIVE GROWTH STORY
As a premier manufacturer of TMT bars in South India, we are urgently hiring experienced professionals for our 432-acre flagship Integrated Steel Plant in Kurnool, AP!
URGENT OPENINGS ACROSS DEPARTMENTS:
- E&I:SMS /CCM/ Rolling Mill / Sinter Plant /CMD Engineer, Assistant Manager, Deputy Manager, Manager,CMD / Rolling Mill / Motor Re-Winding Shop Technicians, Electricains.
- SMS : BOF/EOF/ ZPF/Arc Furnace /LRF/CCM Operation Required Engineer, Assistant Manager, Deputy Manager, Manager, Mould Fitters Mechanical Maintenance, Engineer, Assistant Manager, Deputy Manager, Fitters
- Rolling Mill : Operation Required, CNC Operators, Turner Mill Fitters, Roll Shop Operators, Mill Technicians, Mechanical Maintenance, Engineer, Assistant Manager, Deputy Manager, Fitters
- Blast Furnace &Sinter Plant : Mechanical Engineer, Assistant Manager, Deputy Manager, Fitters
WHY KURNOOL? Advance your career while enjoying a great quality of life. Located just 200 km from Hyderabad, Kurnool offers superb connectivity, top-tier schools and excellent medical facilities.
Venue : Hotel Mayura Great Eastern Road Near Raj Talkies, Great Bombay Market Raipur
Time: 09:30 Am to 06.00 Pm
Can't make it to the Walk-in? Email your CV today to: jointheteam@jairajispat.com

## खबर संक्षेप

### समाजसेवी सुनील और पादरी असीम का किया सम्मान



**रायपुर।** ईसाई समाज द्वारा सेंट पॉल्स कैथेड्रल में रविवार को पास्ट्रेट कोर्ट ने समाजसेवी सुनील शर्मा को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें हर वर्ष क्रिसमस पर निकलने वाली सर्वधर्म सद्भावना रैली में सहयोग के लिए दिया गया। वे एंबुलेंस की व्यवस्था करते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर उसका उपयोग किया जा सके। इसी दौरान पादरी असीम प्रकाश विक्रम को भी सम्मानित किया गया। इसी प्रकार प्रतिवर्ष राजातालाब में खजूर रविवार (पाम संडे) के उपलक्ष्य में कौमी एकता के साथ जुलूस निकालने और सभी धर्मों में भाईचारे व एकता का संदेश देने के लिए सीमा डेविड और डिक्सन बैंजामिन का भी सम्मान किया गया। पास्ट्रेट कोर्ट ने चर्च कार्यालय के प्रभारी पीएसवी प्रसाद, स्टाफ राकेश गार्डिया, संदीप मसीह, गुलाब यादव, अमित एलियाजर, नवीता मसीह, सुजाता मसीह और कब्रिस्थान के केयर टेकर अतुल मसीह को भी उल्लेखनीय सेवाकार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सचिव पर्सिस सामुएल, सदस्य अजय मसीह, चर्च सचिव रुचि धर्मराज, कोषाध्यक्ष किरण सिंग, पास्ट्रेट कमेटी मेंबर प्रवीण जेम्स समेत धर्मगुरु और कलीसिया के सदस्य शामिल हुए।

### करंट से मौत, होटल संचालक पर केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने एक होटल संचालक के खिलाफ धारा 106,1 के तहत केस दर्ज किया है। बोरियाखुर्द स्थित कमल होटल में 2 नवंबर 2025 को शिवकुमार गोस्वामी की काम करने के दौरान बिजली करंट लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के बाद अब इस मामले में होटल संचालक पर केस दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, केस दर्ज

**रायपुर।** एक्सीडेंट में युवक की मौत मामले में टिकरापारा पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना 19 अप्रैल की रात साढ़े दस बजे फायर बिग्रेड गेट के सामने की है। अज्ञात कार चालक ने अरशद नामक युवक को बाइक से जाते समय टक्कर मार दी थी, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस इस मामले में प्रार्थी शेख सईद की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

### शराब के नशे में युवक से मारपीट, 3 पर केस

**रायपुर।** फोकटपारा देवेंद्र नगर में एक शादी समारोह के दौरान शराब के नशे में धुत तीन युवकों ने बिना कारण से भीम सोनी निवासी शास्त्रीनगर फोकटपारा के साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी दुर्गेश निषाद एवं उसके अन्य दो साथियों के विरुद्ध धारा बीएनएसः 296, 115-2, 351-2, 3-5 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### 'पिता छांव वट-वृक्ष की' के तीसरे संस्करण का विमोचन आज

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 23 अप्रैल को कवि राजेश जैन 'राही' की प्रथम पुस्तक 'पिता छांव वट-वृक्ष की' के तीसरे संस्करण का विमोचन किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर की विविध सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं एवं विभूतियों का सम्मान भी प्रस्तावित है। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि प्रस्तुत संस्करण में पिता पर लिखे गए 401 दोहे हैं। पुस्तक प्रतिष्ठित श्वेतवर्णा प्रकाशन दिल्ली द्वारा प्रकाशित हुई है। पुस्तक का प्रथम संस्करण ही गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल है। कार्यक्रम में राजेश जैन राही द्वारा 'रामचरित में हिंदी काव्य के नवरस' पर संगीतमय एकल काव्य प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

# गर्मी का असर... ट्रेनों के पहिए हो रहे अत्यधिक गर्म, मार्च में मिले दो मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी और भीषण गर्मी के कारण रेलवे के लिए ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। तेज धूप और उच्च तापमान के कारण न केवल ट्रेनों के पहिए अत्यधिक गर्म हो रहे हैं, बल्कि उनकी गोलाई में भी तकनीकी खराबी (फ्लैट टायर) देखने को मिल रही है। मार्च से ही मालगाड़ियों के साथ-साथ यात्री ट्रेनों में भी यह समस्या सामने आ रही है। दरअसल, गर्मियों में पटरियां तेज धूप से अत्यधिक गर्म हो जाती हैं और जब इन पर से ट्रेनें तेज रफ्तार में गुजरती हैं, तो घर्षण के कारण पहिए और एक्सल भीषण रूप से गर्म हो जाते हैं। यदि सही समय पर इस तकनीकी खामी का पता न चले, तो यह किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विशेष निगरानी टीमें कार्य कर रही हैं, जो विभिन्न जगहों पर लगातार पटरियों और ट्रेनों की सघन जांच कर रही हैं।

## गर्मी में ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन बना चुनौती, 'हॉट एक्सल' और 'फ्लैट टायर' की बढ़ रही समस्या

### सही समय पर तकनीकी खामी का पता चल गया

हालिया मामलों पर गौर करें तो अकेले मार्च महीने में ही दो बार 'फ्लैट टायर' यानी पहिए की गोलाई खराब होने की तकनीकी समस्या सामने आई। इसके अलावा, दो मामले 'हॉट एक्सल' के मिले, जिनमें ट्रेनों के पहिए अत्यधिक गर्म हो गए थे। वहीं, दो अन्य मामलों में वैगन से धुआं निकलने की घटना भी दर्ज की गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इन सभी मामलों में रेल संरक्षा के सजग प्रहरियों ,रेलवे कर्मचारियों की मुस्तैदी के चलते सही समय पर तकनीकी खामी का पता चल गया और मौके पर ही इसे ठीक कर लिया गया, जिससे किसी भी प्रकार के बड़े हादसे को टाल दिया गया। सजगता और त्वरित कार्रवाई से संभावित दुर्घटनाओं को टालने वाले इन सतर्क कर्मचारियों को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया है।

### केस 01

बिलासपुर रेल मंडल के यातायात सहायक भानूप्रताप सिंह ने 7 मार्च को माल गाड़ी से सिग्नल एक्सचेंज के दौरान पाया कि गाड़ी में इंजन से 11वें वैगन से असामान्य आवाज आ रही है। इन्होने तुरंत स्टेशन मास्टर, चांपा को सूचित किया।

### केस 02

बिलासपुर रेल मंडल के यातायात सहायक बी. जगदीश राव ने 14 मार्च को माल गाड़ी के चौथे वैगन से असामान्य आवाज आ रही है। इन्होने तुरंत स्टेशन मास्टर को सूचित किया जिसके उपरांत निरीक्षण करने पर उक्त वैगन में फ्लैट टायर पाया गया।

### केस 03

बिलासपुर रेल मण्डल के वरिष्ठ सहायक लोको पायलट/ कोरबा पवन कुमार कर्ष ने 23 मार्च को माल गाड़ी में कार्य के दौरान एक दूसरी माल गाड़ी के साथ सिग्नल आदान-प्रदान करते समय देखा कि गाड़ी में इंजन से 15वें वैगन में हॉट एक्सल है।

### केस 04

*रायपुर रेल मंडल के ट्रैक मेंटेनर-III/ भाटापारा शेखूराम ने 12 मार्च को एक गाड़ी में "हॉट एक्सल" देखा। इसी तरह रायपुर रेल मंडल के टेकनीशियन-I / भाटापारा महेश कुमार श्रीवास ने 11 मार्च को भाटापारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर ओएचई मास्ट संख्या-764/30 के पास स्थित इलेक्ट्रिक फ्यूज बॉक्स में अचानक धुआं उठते देखा, जो देखते ही देखते आग में परिवर्तित हो गया।*

## भक्त कर्मा वार्ड, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के रहवासियों ने किया प्रदर्शन

# चंगोराभाठा, न्यू चंगोराभाठा सहित रहवासी इलाकों में पानी की किल्लत, हुंकार रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंगलवार को राजधानी के चंगोराभाठा और न्यू चंगोराभाठा क्षेत्र सहित आसपास के रहवासी इलाकों की महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने पानी की समस्या को लेकर हुंकार रैली निकाली। रैली में भक्त कर्मा माता वार्ड और डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के रहवासी शामिल हुए। सड़क पर उतरे लोगों का कहना है चंगोराभाठा के 32 लाख किलोलीटर की पानी टंकी का 50 फीसदी पानी रायपुरा भेजा जा रहा है, जबकि रायपुरा में पहले से 25 लाख किलोलीटर क्षमता की पानी टंकी मौजूद है। इससे भीषण गर्मी में वार्ड वासियों को पीने के पानी के लिए बड़ी परेशानी हो रही है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

हुंकार रैली का नेतृत्व भक्त कर्मा माता वार्ड वार्ड पार्षद ममता-सोनू तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को लेकर वार्डवासियों को हो रही परेशानी के संबंध में महापौर मीनल चौबे को अवगत कराया था। डेढ़ माह पूर्व उन्होंने स्थल पर पहुंचकर जोन के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि भक्त कर्मा माता और डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के हिस्से का पानी रायपुरा ना भेजा जाए इसके लिए चंगोराभाठा पानी टंकी से रायपुरा का कनेक्शन अलग करने हिदायत दी। पर महापौर के इस निर्देश पर निगम के अधिकारियों ने अब तक ध्यान नहीं दिया। इससे रोज पानी के लिए सुबह-शाम टैंकर की बाट जोहना पड़ रहा है। आखिर कब तक पानी की समस्या से जूझते रहेंगे। इसीलिए हुंकार रैली के माध्यम से निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है।

रैली, प्रदर्शन में शामिल डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड पार्षद दुर्गा यादराम साहू ने जल संकट की अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एक तरफ जहां वार्ड में बोरवेल का भूजल स्तर गिरावट होने से बोरवेल सूखने लगे हैं, वहीं चंगोराभाठा में पानी टंकी होने के बाद भी वार्ड वाासियों को पीने के पानी के लिए टैंकर का इंतजार करना पड़ रहा है। चंगोरा पानी टंकी का पानी दूसरे जगह भेजने से तत्काल रोका जाए। रैली में हमें वादा नहीं पानी चाहिए के बैनर पोस्टर लेकर प्रभावित इलाके के रहवासियों ने जमकर प्रदर्शन किया।

विदित हो कि चंगोराभाठा क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर दो दिन पहले कांग्रेस पार्टी ने बड़ा प्रदर्शन किया था। इसके बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं हुई।

**खास बातें**

- पार्षद ममता-सोनू तिवारी के नेतृत्व में रैली



### करन नगर चंगोराभाठा पहुंचे नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, जनता से किया संवाद

चंगोरा भाठा सहित आसपास के इलाकों में पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों के बीच उनकी समस्या जानने नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी मंगलवार को करण नगर चंगोराभाटा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनता से सीधा संवाद किया। यही नहीं जोन 5 के जल विभाग के इंजीनियर को मौके पर बुलाकर समस्या से अवगत कराया तथा



वैकल्पिक रूप से टैंकरों की व्यवस्था करने निर्देश दिए। स्थानीय निवासियों ने नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी को बताया कि पिछले एक माह से इस पूरे क्षेत्र में पीने के पानी की विकराल समस्या हो रही है महापौर विधायक को भी इस समस्या से अवगत कराया पर समस्या अब भी बनी हुई है। आकाश तिवारी ने आरोप लगाया कि ट्रिपल इंजन की सरकार जनता को पेयजल मुहैया कराने में विफल साबित हो रही है। यही वजह है स्थानीय पार्षद द्वारा पानी की समस्या को लेकर सड़क पर उतरना पड़ रहा है। इस मौके पर निशा शर्मा,नम यादव,प्रीति सारथी, सिद्धि ठाकुर,कुमारी देवांगन, वर्षा गुप्ता रेखा वैष्णव, रैना देवी शर्मा, संगीता गंगवार, प्रवीण अवधिया, विनोद सिंह ठाकुर, सुनील ध्रुव, विनोद चौहान, प्रतीक तिवारी, शिव यादव, वर्षा कुमारी सहित बड़ी संख्या में प्रभावित इलाके के रहवासी उपस्थित रहे।

# गांधीगिरी... प्रदेश के 6800 स्कूल भेजेंगे गुलाब, लिखेंगे 'प्रेम-पत्र'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक मार्च से असहयोग आंदोलन कर रहे निजी स्कूलों ने अब गांधीगिरी की राह चुन ली है। प्रदेशभर में संचालित 6800 निजी स्कूलों ने तय किया है कि वे सभी जिलों और उनके संभागों में शासन के प्रतिनिधियों को गुलाब भेजेंगे और प्रेम-पत्र लिखेंगे। प्रेमपूर्वक लिखे गए इस पत्र में वे अपनी समस्याएं शासन प्रतिनिधियों को गिनाएंगे। गौरतलब है, प्रदेश के निजी स्कूल आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत गरीब छात्रों की फीस में वृद्धि की मांग कर रहे हैं। 2012 में आरटीई अधिनियम लागू होने पश्चात अब तक फीस की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है। निजी विद्यालय 2016 से इसमें वृद्धि की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा निजी स्कूल संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग से शासकीय स्कूलों में प्रति छात्र खर्च होने वाली राशि की जानकारी भी सार्वजनिक करने की मांग की है ताकि इसके आधार पर निजी स्कूलों को मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि का निर्धारण हो सके।

### बंद कर चुके हैं स्कूल

इस कड़ी में प्रदेश के समस्त स्कूल 1 मार्च से असहयोग आंदोलन कर रहें है। 4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने निर्णय लिया था कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लाटरी के माध्यम से आबंटित वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षक के अधिकार कानून (आरटीई) तहत प्रवेश नहीं दिया जाएगा। 17 अप्रैल को स्कूल संचालकों एवं शिक्षकों ने विरोधस्वरूप काली पट्टी लगाकर कार्य किया था एवं 18 अप्रैल को स्कूलों ने बंद रखा था। असहयोग आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए 21 अप्रैल को प्रदेश कार्यकारणी की बैठक में निर्णय लिया गया है कि 23 अप्रैल को प्रदेश के समस्त स्कूल संचालक अपने स्कूल के लेटर पैड पर स्कूल शिक्षा मंत्री और शासन के प्रतिनिधियों को अपनी मांगों को पूर्ण करने के लिए पत्र लिखेंगे। 24 अप्रैल को विभिन्न जिला संगठन के पदाधिकारी तथा समस्त स्कूल संचालक जनप्रतिनिधियों से मिलकर गुलाब भेंट करेंगे और अपनी मांग से उन्हें अवगत कराएंगे।

### अब जोड़ेंगे नई मांग

निजी स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गुप्ता के अनुसार, अब वे नई मांग भी इसमें जोड़ेंगे। अब तक केवल आरटीई राशि बढ़ाने की ही मांग उनके द्वारा की जा रही थी, लेकिन अब वे पहली के साथ-साथ नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 में भी बच्चों को प्रवेश देने की मांग करेंगे। शासन द्वारा आरटीई नियमों में वर्तमान सत्र से बदलाव किया गया है। नए नियमों के अनुसार, वर्तमान सत्र से केवल पहली कक्षा में ही निजी स्कूलों में छात्र दाखिला प्राप्त कर सकेंगे। प्री-प्रायमरी कक्षाओं में प्रवेश बंद कर दिया गया है।



# पॉवर कंपनी अनुसंधान के लिए एनआईटी रायपुर को देगी एक करोड़

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत नवीन पहल करते हुए रिसर्च एवं डेवलपमेंट के क्षेत्र में एक बड़ी राशि अनुग्रहित करने का फैसला किया गया। एनआईटी रायपुर द्वारा प्रस्तावित ग्रिड अनुसंधान केन्द्र के लिए सहायता राशि की मांग की गई थी। इसे कंपनी प्रबंधन ने सीएसआर फंड से इस कार्य के लिए स्वीकृति दी। पॉवर कंपनी के अध्यक्ष ट्रांसमिशन (आईएएस) सुबोध सिंह एवं डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष (आईएएस) डॉ. रोहित यादव की अनुशंसा पर इस परियोजना के लिए प्रारंभिक राशि प्रदान की गई। प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन आरके शुक्ला द्वारा एनआईटी के डॉयरेक्टर एनवी रामनाराव को स्वीकृति एवं आवंटन पत्र प्रदान किया गया। इस कार्य के लिए ट्रांसमिशन कंपनी ने एक करोड़ रुपए सीएसआर मद से एनआईटी रायपुर को देने का फैसला किया।

श्री शुक्ला ने बताया कि सीएसपीटीसीएल द्वारा सामुदायिक विकास गतिविधियों में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, परंतु यह पहला अवसर है कि आरएनडी (रिर्सच एवं डवल्पमेंट) के क्षेत्र में कंपनी अपना आर्थिक सहायता देगी। यह सेंटर राज्य स्तरीय का पहला केन्द्र होगा जो छत्तीसगढ़ में विद्युत क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग, कौशल विकास, परीक्षण एवं अनुसंधान के लिए होगा। इस परियोजना से राज्य में एक स्थाई तकनीकी संरचना का निर्माण होगा, जिससे ना केवल सीएसपीटीसीएल अन्यथा कई संबध्द उद्योग एवं सुक्ष्म-लघु उद्योग और शैक्षणिक संस्थाओं को भी लाभ मिलेगा तथा छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार का अवसर भी मिलेगा।

# कैट की राष्ट्रीय टीम ने मधु अरोरा को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोराको कैट की राष्ट्रीय टीम ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें नेशनल को आर्डिनेटर के रूप में दिया गया। महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि 17 एवं 18 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन में राष्ट्रीय महिला विंग का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम कैट ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भारतिया एवं कैट के राष्ट्रीय महासचिव एवं चांदनी चौक नई दिल्ली के सांसद प्रवीण खंडेलवाल जी के मार्गदर्शन में रखा गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भी महत्वपूर्ण विचार साझा किए। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए वक्ताओं ने महिलाओं के उत्साह, सहभागिता एवं सशक्तिकरण पर अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। मधु अरोरा ने कहा, कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. भरतिया, महासचिव प्रवीण खंडेलवाल का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। इसके साथ ही, राष्ट्रीय महिला विंग की अध्यक्ष संगीता पाटिल और कैट परिवार के सभी सदस्यों के प्रति आभारी हूं।सौभाग्य की बात है कि हमारे छत्तीसगढ़ से मुझे और निहारिका त्रिपाठी बिलासपुर का नाम सम्मिलित किया गया। दोनों को राष्ट्रीय पदाधिकारी नियुक्त किया जाना गौरव की बात है।

# रायपुर में जल्द बिछेगी नेचुरल गैस पाइप लाइन, हरियाणा की कंपनी अधिकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में नेचुरल गैस पाइप लाइन डालने का कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए हरियाणा सिटी गैस कंपनी को पेट्रोलियम मंत्रालय ने अधिकृत किया है। वर्तमान में यह कार्य योजना शहर में प्रारंभिक दौर में है। संबंधित एजेंसी को शहर में गैस पाइप लाइन डालने से पहले नियम अनुसार नगर निगम से एनओसी लेनी होगी, साथ ही निर्धारित दर अनुसार शुल्क भी जमा करना होगा, ताकि इस कार्य से नागरिकों को शहर में प्राकृतिक गैस लाइन की सुविधा केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप जल्द मिले। इस दौरान किसी भी नागरिक को कोई असुविधा न होने पाए। मंगलवार को निगम आयुक्त विश्वदीप ने इसी सिलसिले में गांधी सदन के सभागार में हरियाणा सिटी एजेंसी के प्रतिनिधि राकेश रंजन और दस जोन के जोन कमिश्नरों के साथ बैठक की।

निगम आयुक्त विश्वदीप ने हरियाणा सिटी गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया है कि वह निगम के संबंधित जोनों के जल और नगर निवेश विभाग के जोन अधिकारियों से तालमेल रखकर शहर में गैस पाइप लाइन डालने का कार्य करे। उन्होंने ये भी कहा कि पेयजल पाइप लाइन किसी भी हालत में क्षतिग्रस्त नहीं होना चाहिए, साथ ही शहर में गैस पाइप लाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों को तत्काल मरम्मत किया जाना चाहिए, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त ने सभी अभियंताओं को निर्देशित किया कि नेचुरल गैस पाइप लाइन डालने के कार्य दौरान शहर गर्मी के मौसम में नागरिकों असुविधा न हो यह ध्यान रखें।

बैठक में अपर आयुक्त पंकज शर्मा, दस जोन के जोन कमिश्नर, नगर निवेश विभाग के कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह, सहायक अभियंता नितीश झा, उप अभियंता नगर निवेश रविप्रभात साहू, हरियाणा सिटी गैस एजेंसी के प्रतिनिधि राकेश रंजन एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

- पाइप लाइन डालने से पहले निगम से एनओसी लेनी होगी, शुल्क जमा कराना होगा
- निगम आयुक्त ने एजेंसी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में सभी जोन कमिश्नरों की बैठक ली

# फर्जी आरटीओ ई-चालान भेजकर खाते से उड़ाए साढ़े 7 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन साइबर ठग गिरोह से जुड़े आरोपियों ने अब ई-चालान को भी ठगी करने का नया जरिया बना लिया हैं। इसके तहत अब लोगों को उनके मोबाइल पर फर्जी ई-चालान का मैसेज भेजा जा रहा है, जिसे क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो जाता है। इसके बाद कुछ मिनटो में ही व्यक्ति के बैंक खाते में जमा राशि गायब हो जाती है। इस तरह का एक ताजा मामला राजधानी रायपुर में आया है।

ठगों ने फर्जी आरटीओ ई-चालान के नाम पर एक युवक से 7 लाख 42 हजार रुपए की ठगी की है, जिसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की गई है। टिकरापारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पवित्र पाल निवासी आरडीए कालोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके बेटे रोहित के मोबाइल पर 10 से 16 अप्रैल के बीच आरटीओ ई-चालान की एपिक फाइल आयी थी। इस एपिक फाइल को जैसे ही उसने डाउनलोड किया, उसके मोबाइल का एक्सेस साइबर ठगों तक पहुंच गया। इसके बाद ठगों ने कुछ मिनटो के भीतर ही रोहित के बैंक खाते में जमा 7 लाख 42 हजार 209 रुपए ट्रांसफर कर लिए। खाते से रकम का आहरण करने का मैसेज मिलते ही रोहित को आभास हुआ कि उसके साथ ठगी हुई है। इसके बाद उसने अपने पिता को इसकी जानकारी दी।

### साइबर पुलिस कर रही जांच

इस ठगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद इस मामले को साइबर सेल को सौंप दिया गया है। साइबर सेल अब इस मामले में कॉल डिटेल्स, बैंक ट्रांजैक्शन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# सेरीखेड़ी में ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो मृत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में भारी वाहन चालकों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे सबसे ज्यादा दोपहिया सवार लोगों की मौत हो रही है। सोमवार देर रात सेरीखेड़ी के पास मुख्य मार्ग पर एक ट्रक ने दोपहिया सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिसके कारण दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं तीसरा गंभीर रूप से घायल है। इस घटना के बाद चालक ट्रक वहीं छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ट्रक को जब्ती बनाकर घटना की जांच कर रही है। मंदिर हसौद थाना प्रभारी आशीष यादव ने बताया कि यह दुर्घटना सेरीखेड़ी के पास मुख्य मार्ग पर रात करीब 11.30 से 12 बजे के बीच की है। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। रेत से भरे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर जा गिरे। इस घटना में आनंद यादव एवं राजू यादव की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं मोंटू भोई को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे अस्पताल में दाखिल किया है। दोनों मृतक जिंदल प्लांट के पीछे ओड़िया बस्ती में रहते थे। बताया गया कि तीनों टेंट का काम करते हैं तथा घटना के समय वे तीनों सिब्बल ग्रीन पैलेस में टेंट का काम खत्म करके घर लौट रहे थे।

### पुलिस-एंबुलेंस मौके पर पहुंची

इस घटना के बाद मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। इसके बाद घायल और मृतको के शव को आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। दोनों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया, वहीं मोंटू का अभी उपचार जारी है।

### रेत से भरा ट्रक जब्त, ड्राइवर की तलाश जारी

इस घटना के बाद पुलिस ने मौके से रेत से भरे ट्रक को जब्ती बनाया है, वहीं उसका चालक अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ट्रक के नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता लगा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही चालक भी पकड़ा जाएगा।

### अल्ट्राटेक कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन, 10 लाख मुआवजा देगा प्रबंधक

पुलिस के अनुसार जिस ट्रक से एक्सीडेंट हुआ है, वह ट्रक अल्ट्राटेक कंपनी के मटेरियल साइट पर रेत की डिलीवरी देने जा रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजन सहित गांव वासियों ने दोनों शव को अल्ट्राटेक कंपनी के मटेरियल साइट के मुख्य गेट के पास रखकर जमकर प्रदर्शन किया। इस विरोध के बीच कंपनी प्रबंधक ने मुआवजा के रूप में मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद लोगों ने प्रदर्शन खत्म किया।

## खबर संक्षेप

### वारंटियों की धरपकड़ जारी दो सप्ताह में 159 गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट सेंट्रल जोन के डीसीपी सेंट्रल जोन उमेश गुप्ता के निर्देश पर फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में एक सप्ताह के दौरान पुलिस ने 38 गिरफ्तारी वारंट एवं 25 स्थायी वारंट तामील करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भी सेंट्रल जोन पुलिस ने 52 गिरफ्तारी वारंट तथा 44 स्थायी वारंट तामील किए गए थे। इस प्रकार दो सप्ताह में 90 गिरफ्तारी और 69 स्थायी सहित कुल 159 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कई आरोपी लंबे समय से फरार थे।

### मंत्रालय में मनाया गया सिविल सर्विस डे

**रायपुर।** मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में सिविल सर्विस दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शासन द्वारा ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाओं को पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। शासन की अधिक से अधिक सेवाओं को लोक सेवा गांरटी सेवा के दायरे में लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य शासन की करीब 750 सेवाओं को लोक सेवा गारंटी के तहत अधिसूचित किया जा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अंकित आनंद ने ई-डिस्टिक प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत, सामान्य प्रशासन एवं उद्योग वाणिज्य विभाग के सचिव रजत कुमार, परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश सहित विभिन्न विभागों के सचिव और वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सभी संभागायुक्त एवं जिलों के कलेक्टर शामिल हुए।

### ब्लॉक अध्यक्ष पर कुकरेजा ने बनाया पद छोड़ने का दबाव पीसीसी अध्यक्ष से की शिकायत

**रायपुर।** शहर जिला कांग्रेस में पूर्व पार्षद अजीत कुकरेजा द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष को पद छोड़ने के लिए दबाव बनाने का मामला प्रकाश में आया है। ब्लॉक अध्यक्ष ने इसकी शिकायत प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से की है। जिला कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष कमल घृतलहरे ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से शिकायत की है कि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजीत कुकरेजा उन्हें पद छोड़ने के लिए दबाव बना रहे हैं। कुकरेजा का बर्ताव काफी खराब है। कमल धृतलहरे की नियुक्ति 4 माह पहले ही हुई है, और कहा जा रहा है कि कुकरेजा उन्हें पद से हटाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। कमल के समर्थन में प्रगतिशील सतनामी समाज भी आगे आया है। संगठन के शहर जिला अध्यक्ष मनोज बंजारे ने कमल धृतलहरे को मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का विरोध किया है। इस पूरे मामले में कमल धृतलहरे ने कहा, अजीत कुकरेजा कई वरिष्ठ नेताओं के सामने में उनसे अभद्रता कर चुके हैं। वो पद छोड़ने के लिए कह रहे हैं। पूरे मामले से प्रदेश अध्यक्ष बैज और शहर जिला अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन को भी अवगत कराया गया है। सतनामी समाज ने अध्यक्ष बैज के समक्ष उक्त घटना पर समाज में ने नाराजगी जताते हुये अजीत कुकरेजा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की है।

### साय सरकार ने ढाई साल में छीना रोजगार : सुशील

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार ढाई साल में एक भी युवा को रोजगार नहीं दे पायी है, बल्कि युवाओं से रोजगार छीनने का ही काम किया है। कांग्रेस सरकार में बेरोजगारी दर मात्र 0.60 प्रतिशत थी। भाजपा सरकार बनने के बाद बेरोजगारों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। आज बेरोजगारी दर 4.5 प्रतिशत है। ढाई साल में बीएड शिक्षक, अतिथि शिक्षक, विद्या मितान, क्रेडा के संविदा कर्मचारी, रीपा के तहत रोजगार प्राप्त कर रहे लोगों को काम से बेदखल किया गया।

# पृथ्वी दिवस पर जिला वनमण्डल का विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

अलग खबर

पृथ्वी दिवस पर जिला वनमण्डल अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु 22 अप्रैल को विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत वनमण्डल के समस्त परिक्षेत्रों, ग्रामों, शैक्षणिक संस्थानों एवं कार्यालयों में पृथ्वी दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सायं 6 से 7 बजे तक आयोजित 'अर्थ ऑवर' रहा, जिसके अंतर्गत एक घंटे के लिए विद्युत उपकरणों एवं लाइटों को बंद रखकर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान वनमण्डल कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर स्वेच्छा से विद्युत उपयोग को सीमित कर सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित की गई।

अभियान के अंतर्गत संयुक्त वन प्रबंधन समितियों, पारिस्थितिकी विकास समितियों तथा स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में ऊर्जा संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के संबंध में जानकारी साझा की गई। साथ ही पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों के संरक्षण एवं सौर ऊर्जा जैसे वैकल्पिक साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### 'अर्थ ऑवर' के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता का संदेश





#### ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी

इस अभियान में वनांचल क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक व्यापक स्तर पर जनभागीदारी देखने को मिली, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में सकारात्मक जागरूकता विकसित हुई। अंत में वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी से दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से प्रकृति संरक्षण की दिशा में योगदान देने हेतु अपील की।

## हीट वेव उपचार के लिए अस्पतालों में आवश्यक दवाई व व्यवस्था के निर्देश

# सामुदायिक स्थानों पर अतिक्रमण, होगी कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर कुलदीप शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सामुदायिक स्थान जैसे तालाब, डबरी, खेल मैदान पर अतिक्रमण नहीं होने देने एवं जहां अतिक्रमण है उसे हटाने कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने जिले में कुछ दिनों से बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए हीटवेव के कारण पीड़ितों के उपचार हेतु सभी अस्पतालों में बुनियादी दवाई एवं अन्य सुविधाओं की आवश्यक उपलब्धता के निर्देश दिये। उन्होंने सीएमएचओ को अस्पतालों में व्यवस्था दुरुस्त रखने बीएमओ एवं अन्य अधिकारियों क़ी बैठक लेकर समीक्षा करने निर्देशित किया। इसीतरह ग्रीष्म ऋतु में पेय पदार्थो सहित अन्य खाद्य पदार्थों क़ी गुणवत्ता जांच हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी को लगातार जांच अभियान चलाने और कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत राजस्व सहित सभी विभागों में लंबित आवेदनों का निराकरण 30 अप्रैल तक पूरा करने कहा। जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान ग्राम सभी पंचायतों में योजनाओं का संतृप्तिकरण, सभी हैंडपम्प को कार्यशील करना तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर -जल को भी कार्यशील करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत सभी घरो में जल संचयन हेतु संरचना निर्माण पुरा कराने कहा। कलेक्टर ने राजस्व सम्बंधित प्रकरणों के लंबित आवेदनों क़ी समीक्षा करते हुए कहा कि एक वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का कार्ययोजना बनाकर एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार निराकरण कराएं। उन्होंने सड़क दुर्घना के प्रकरणों का संवेदनशीलतापूर्वक तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल संसाधन विभाग द्वारा नहर से तालाबों में पानी भरने के कार्य में तेजी लाते हुए भरने के लिये शेष तालाबों में 30 अप्रैल तक पुरा कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जनगणना के तहत सभी अधिकारियो को ऑनलाइन स्व गणना फॉर्म भरने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, अभिषेक गुप्ता, ए आर टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, तहसीलदार जनपद सीईओ, सीएमओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# एनालॉग पनीर पर विभाग संजीदा, होटल, रेस्टोरेंट वालों को मेनू में उल्लेख करने की नसीहत


'एनालॉग' पर लॉक नहीं... सेहत को नुकसान, फिर भी 'चिट्ठी-पत्री' से आगे नहीं बढ़ा मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

असली पनीर के नाम पर बिकने वाले एनालॉग पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अफसर गंभीर हो गए हैं। मंगलवार को रेस्टोरेंट और होटल वालों की बैठक लेकर अपने मेनू में इसका उल्लेख करने की नसीहत दी है। इसके अलावा उन्हें असली और नकली पनीर की पहचान का तरीका भी बताया है। इधर भारी मात्रा में एनालॉग पनीर बनाने वाली फैक्ट्री में कमियों को दूर करने की कवायद भी शुरू हो गई है। एक में फिलहाल उत्पादन बंद है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पिछले दिनों बिरगांव और भाठागांव के डेयरी में छापा मारकर एक हजार किलो से ज्यादा एनालॉग पनीर जब्त किया था और दोनों संस्थानों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की थी। विभागीय स्तर पर इससे पहले भी कई संस्थानों से कई क्विंटल मिल्क पावडर और पाम आयल से बनने वाला पनीर बरामद किया था। इससे यह स्पष्ट हो गया था कि एनालॉग की खपत भारी मात्रा में होती है और कई संस्थानों में इसे असली पनीर के नाम पर खपाया जाता है। विभिन्न शिकायतों के आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक दीपक अग्रवाल ने गंभीरता से लिया। इस मामले में मंगलवार को विभिन्न रेस्टोरेंट, होटल और ढाबों वालों की बैठक ली गई। उन्हें बताया कि असली और एनालॉग पनीर को किस तरह पहचाना जा सकता है।

#### लगातार उपयोग नुकसान दायक

चिकित्सकों के मुताबिक एनालॉग पनीर का लगातार उपयोग नुकसानदायक हो सकता है। इसका निर्माण पाम ऑयल अथवा वनस्पति घी के जरिए किया जाता है। घटिया पाम ऑयल से बने खाद्य पदार्थ किडनी और लिवर को प्रभावित कर सकते हैं। असली पनीर की तुलना में इस पनीर की कीमत आधे से भी कम होती है जिसकी वजह से भी इसकी डिमांड अधिक होती है। फैक्ट्री के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी इसका निर्माण काफी मात्रा में किया जाता है।

# पेयजल संकट निवारण के लिए टोल फ्री नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलाईगढ़

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन और संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन है। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष 07788-233089 है। यह प्रकोष्ठ 30 जून तक के लिये प्रभावी रहेगा। सारंगढ़, बरमकेला एवं बिलाईगढ़ ब्लॉक के लिए बीएल खरे, सहायक अभियंता को नियंत्रण प्रकोष्ठ का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार केआर सूर्यवंशी उप अभियंता, अमित कुमार डौन्डे हैंड पम्प तकनीशियन, विवेक अनंत, कम्प्यूटर ऑपरेटर को नियंत्रण प्रकोष्ठ में सहायक नियुक्त किया गया है।

प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जायेगा, जिसमें प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतों का पूर्ण विवरण दर्ज किया जा रहा है एवं संबंधित सहायक अभियंता, उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत करायेंगें एवं शिकायत का तिथिवार निराकरण संबंधी जानकारी का स्पष्ट उल्लेख रजिस्टर में होगा। जिला स्तर पर खण्ड कार्यालय सारंगढ़-बिलाईगढ़ एवं प्रत्येक उपखण्ड एवं विकासखण्ड स्तर पर जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित किया जायेगा। शिकायत और सुझाव इन स्थलों पर दर्ज किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त विभागीय टोल फ्री नंबर 18002330008 में भी शिकायत और सुझाव दर्ज किये जा सकेंगे।



# 40 पौवा शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

आबकारी विभाग द्वारा 72 लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वृत्त बलौदाबाजार में आबकारी विभाग द्वारा आरोपी तुकेश्वर चंद्राकर पिता दाउलाल चंद्राकर साकिन वटगन थाना पलारी के कब्जे से 40 पौवा 72 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त की गई। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 4 हजार आंका गया है। आरोपी तुकेश्वर चंद्राकर पिता दाउलाल चंद्राकर के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) 59 (क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि प्रभारी अधिकारी वृत्त पलारी द्वारा देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान मुड़पार सण्डी का आकस्मिक निरीक्षण किये जाने पर मदिरा दुकान में कार्यरत कर्मचारी सुरजराज द्वारा शासन निर्धारित विक्रय दर से अधिक दर विक्रय करना पाया गया। उक्त कर्मचारी को सेवा से पृथक किया जाकर काली सूची में शामिल किया गया।

# महिला आरक्षण मुद्दे पर भाजयुमो का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को गार्डन चौक में कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव के मार्गदर्शन तथा भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रणम्य पांडेय के नेतृत्व में आयोजित हुआ। महिला आरक्षण संशोधन बिल के पारित नहीं होने को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी माहौल गर्म है, जिसके विरोध में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर कांग्रेस के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता एवं महिलाएं शामिल हुईं। कार्यकर्ताओं ने महिला विरोधी कांग्रेस, नारी सम्मान से खिलवाड़ नहीं सहेंगे जैसे नारों वाले पोस्टर लेकर विरोध दर्ज कराया। भाजयुमो ने चेतावनी दी कि यह लड़ाई अब संसद से निकलकर जनता के बीच जाएगी और आने वाले चुनावों में इसका जवाब वोट की ताकत से दिया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिला हितों की अनदेखी की है। संसद में महिला आरक्षण बिल का पारित न होना देश की महिलाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने 17 अप्रैल को महिलाओं के इतिहास का काला दिन बताते हुए कहा कि देश की आधी आबादी इस दिन को कभी नहीं भूलेगी। भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रणम्य पांडेय ने आरोप लगाया कि जब महिलाओं को अधिकार देने की बात आई, तब कांग्रेस ने राजनीतिक लाभ के लिए इस महत्वपूर्ण बिल को रोक दिया। यह महिलाओं के सम्मान पर सीधा प्रहार है और कांग्रेस की कथनी व करनी में अंतर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस एक ओर खुद को महिला हितैषी बताती है, वहीं दूसरी ओर अवसर आने पर महिलाओं के अधिकारों को दबाने से पीछे नहीं हटती। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति इस अपमान का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी। कार्यक्रम में भाजपा जिलाउपाध्यक्ष सुनील यदु, भाजयुमो जिला महामंत्री प्रशांत यादव एवं सतीश सोनी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अविनाश शर्मा, नीरज परिगनिहा, रवि वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# बढ़ते कदम संजीवनी वृद्धाश्रम के नए भवन के लिए भूमिपूजन

**रायपुर।** बढ़ते कदम संजीवनी वृद्धाश्रम के नए भवन के लिए मंगलवार को भूमिपूजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष मुकेश सचदेव, उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश मध्यानी एवं मीडिया प्रभारी राजू झामनानी ने बताया कि रायपुर में 'बढ़ते कदम' संस्था द्वारा कोटा रोड, गुढ़ियारी में संजीवनी वृद्धाश्रम के नए भवन का भूमिपूजन किया गया।

यह 9500 वर्गफीट में बन रहा नया आशियाना वर्तमान के किराए के भवन से अलग होगा, जो लगभग 30 बुजुर्गों को बेहतर सेवा व सम्मानजनक माहौल प्रदान करेगा। यह पहल वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्थायी और आरामदायक रहने की जगह सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नए आशियाने का भूमिपूजन माता स्वरूप कन्याओं के शुभ हाथों से कराया गया। प्रभारियों ने बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले समस्त वरिष्ठ नागरिकों का मेडिकल परीक्षण, विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह नियमित रूप से ली जाती है। उनके स्वास्थ्य को देखते हुए खानपान, कपड़ों की साफ-सफाई, साप्ताहिक चादर व तकिया कवर बदलने के साथ ही साथ साफ-स्वच्छ वातावरण निर्मित करने का प्रयास किया जाता है।




# भाजपा बोली- फर्जीवाड़ा कांग्रेस का असली चेहरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नाम से सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे कूटरचित पत्र की घोर निंदा करते हुए कहा, कांग्रेस का यह फर्जीवाड़ा सिद्ध करता है कि कांग्रेस अब एक राजनीतिक दल से हटकर फेक न्यूज फैक्ट्री और जालसाजों की टोली बन चुकी है।

सुश्री उसेंडी ने कहा, जिस प्रकार पवन खेड़ा ने हाल ही असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा व उनकी पत्नी के विरुद्ध फर्जी दस्तावेजों के साथ अमर्यादित और अपमानजनक टिप्पणियां कर अपनी राजनीतिक कुंठा निकाली थी, ठीक उसी मानसिकता के साथ आज कांग्रेस ने वसुंधरा राजे के जाली हस्ताक्षर और फर्जी लेटरहेड का उपयोग कर एक बार फिर अपने फर्जी राजनीतिक चरित्र का शर्मनाक प्रदर्शन किया है। यह पवन खेड़ा मॉडल की ही अगली कड़ी है। पहले झूठ बोलो, फिर उसे नैरेटिव बनाओ और जब पकड़े जाओ तो विक्टिम-कार्ड खेलो। कांग्रेस का सोशल मीडिया विभाग अब दस्तावेजी फर्जीवाड़ा तक करने लगा है। सुश्री उसेंडी ने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित नहीं होने देने के अपराध-बोध में कांग्रेस इतनी बदहवास हो गई है कि वह अब नित-नए भ्रम फैलाने के लिए गिरोह की तरह काम कर रही है।

## पेज 9 का शेष

### जमीन विवाद में ...

भावना गुप्ता के निर्देशन में सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी से पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने जमीन विवाद के चलते आवेश में आकर अपनी मां पर लकड़ी से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी धनेश्वर वर्मा उर्फ धन्नू को 22 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### निजी अस्पताल के...

पानी डालते समय में वह गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई। फिर दोबारा पूछने पर उन्होंने नया जवाब देते हुए कहा कि लगता है अटैक आया होगा। लेकिन जब परिजनों ने संजू के शव को देखा तो पता चला कि संजू की हथेली झुलसी हुई है। घटना कि सही जानकारी नहीं मिलने पर परिजनों ने अस्पताल अंदर हंगामा करना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी डॉ. सोनवानी ने थाना प्रभारी को सूचना नहीं दी। परिजन जब थाना पहुंचे तब पुलिस प्रशासन अस्पताल पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू किया। परिजन एवं शुभचिंतकों को घटना की सही जानकारी नहीं मिलने से नाराज़ होकर डॉ आर के सोनवानी से सवाल जवाब करते रहे। बिगड़ते स्थिति की जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीएम अतुल शेटे एसडीओपी तारेश साहू तहसीलदार अनुराग भट्ट मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## बंगाल में छत्तीसगढ़ के तीन दर्जन से ज्यादा भाजपा नेता चुनाव के लिए डटे

**रायपुर।** पश्चिम बंगाल में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के तीन दर्जन से ज्यादा भाजपा के बड़े-छोटे नेताओं को बड़ा जिम्मा दिया गया है। यही नहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी वहां पर भाजपा नेताओं के नामांकन और रैली में शामिल होने गए थे। डिप्टी सीएम विजय शर्मा को केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सभी सभाओं और रैलियों का पूरा जिम्मा दिया गया है। पहले चरण का चुनाव प्रचार थमने से पहले मंगलवार को भी अमित शाह की सभा हुई। इसका पूरा जिम्मा विजय शर्मा का था। दूसरे चरण में भी अमित शाह की जो भी सभाएं होंगी, इसका भी जिम्मा विजय शर्मा उठाएंगे। भाजपा के कुछ ही नेता पहले चरण के जिम्मेदारी से मुक्त होकर वापस आएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने बंगाल चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के कई नेताओं को बड़ा जिम्मा दिया है। सबसे बड़ा जिम्मा तो प्रदेश के भाजपा संगठन के संगठन महामंत्री पवन साय को दिया गया है। उनको वहां पर 56 विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया है। श्री साय तो चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से काफी पहले से बंगाल में डटे हुए हैं। श्री साय बीते छह माह से बंगाल में हैं। इसके बाद विधायक राजेश मूणत को वहां पर सात विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया। उनके साथ क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी को भी लगाया गया है। इसी के साथ पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा को भी वहां पर एक लोकसभा की विधानसभाओं का जिम्मा मिला है। इन नेताओं को जिन विधानसभा का जिम्मा मिला है, उनमें से ज्यादातर विधानसभाओं में मतदान दूसरे चरण में होना है। ऐसे में ये नेता दूसरे चरण का चुनाव प्रचार थमने तक वहां रहेंगे। इसी के साथ प्रदेश के कई छोटे-बड़े नेताओं को मिलाकर वहां पर तीन दर्जन से ज्यादा नेताओं को पहले और दूसरे चरण के लिए जिम्मा मिला है।

# कृषि उत्पादन बढ़ाने कृषि विभाग ने किसानों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसनाला

कृषि क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि एवं संसाधनों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आत्मा (एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी) द्वारा कृषकों हेतु जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकास खंड बिलाईगढ़ के ग्राम मिर्चीद के कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उर्वरकों के संतुलित प्रयोग पर विस्तृत जानकारी दी गई। वरिष्ठ क़ृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि वर्तमान समय में वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने पर जोर देते हुए कहा कि उर्वरकों का अंधाधुंध उपयोग मिट्टी की उर्वरता को नुकसान पहुंचाता है।

उन्होंने मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी। हरी खाद, एजोला आदि उत्पाद तैयार क़र खेतो में प्रयोग से मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ की मात्र बढ़ाती है, मिट्टी को ढीला बनाती है और पोषक तत्वों की आपूर्ति करती है। ढंचा, सनई या लोबिया जैसी फसलों को खेत में उगाकर, फूल आने से पहले उसे हल से जोतकर मिट्टी में दबाने की तकनीक बताई गईं। साथ ही नैनो यूरिया नैनो डीएपी, उपयोग व महत्त्व एवं डीएपी के विकल्प के रूप में एसएसपी एवं एनपीके के बारे में भी बताया गया।

**संतुलित उर्वरक उपयोग पर जोर**



### हरी खाद से मिट्टी की उर्वरता में होती है वद्धि

कार्यक्रम में प्रकाश कुमार थवाईत ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर द्वारा उर्वरक के वैकल्पिक उत्पाद जीवामृत बीजामृत, हरी खाद से मिट्टी की उर्वरता में वद्धि होती है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है। जिससे लागत में कमी एवं उत्पादन में वृद्धि संभव हो सके। इस अवसर पर क्षेत्रीय कृषि विकास अधिकारी एसी लहरे ग्रामीण क्रृषि विस्तार अधिकारी मनोज कुमार,ग्राम के प्रगतिशील किसान एवं सरपंच के पिता पंचराम साहू व कृषक उपस्थित।

**बैठक :** सीएमएचओ ने ली सुपरवाइजरों की बैठक, कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

# जिले में चलेगा टीकाकरण और टीबी मुक्त अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी तथा आम जनता को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की निगरानी के सम्बन्ध में बुधवार को सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी ने सेक्टर सुपरवाइजर की बैठक ली। स्थानीय सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित इस समीक्षा बैठक में पाँच विकासखंडों के सभी सेक्टरों की टीबी, कुष्ठ, मलेरिया, टीकाकरण, उच्च जोखिम गर्भवती, आयुष्मान भारत, अटल मोनिटरिंग, यू विन पोर्टल जैसे जरूरी स्वास्थ्य संकेतकों की प्रगति की समीक्षा की गई।




सीएमएचओ ने टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत चल रहे 100 दिवसीय अभियान में आयोजित होने वाले आउटरीच शिविर के माइक्रोप्लान की तैयारी तथा उच्च जोखिम ग्रामों में एक्सरे करवाने को कहा। इसके साथ ही असामान्य एक्सरे वाले संदेहास्पदों को नाट जांच के लिए बलगम जांच के लिए रेफर करने को भी कहा। मातृ मृत्यु दर को रोकने हेतु गर्भवती का अनिवार्य रूप से पंजीयन किया जाए । एलएचवी को उच्च जोख़िम गर्भवती की स्थिति में प्रति सप्ताह महिला के घर भ्रमण के निर्देश दिए गए। सुपरवाइजर सतत रूप से क्षेत्र भ्रमण करेंगे तथा अपनी रिपोर्ट प्रति सप्ताह बीएमओ के साथ होने वाली बैठक में बताएंगे। सभी शासन द्वारा शुरु किये जा रहे सुशासन तिहार की तैयारी पूर्ण रखेंगे। इसमें ओआरएस घोल सहित जरूरी दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शिविर में एनसीडी जांच भी की जाए और उसकी एंट्री भी करें साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनाएं जाएं। एलएचवी की समीक्षा मातृत्व स्वास्थ्य में किये जा रहे कार्य से ही की जाएगी। सीएमएचओ ने कम प्रगति वाले सेक्टरों पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें इसे ठीक करने की हिदायत दी। समीक्षा बैठक में अटल मॉनिटरिंग इंडिकेटर का अगली बार उपयोग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अप्रैल, मई, जून महीने के अंतिम सप्ताह में विशेष टीकाकरण शिविर लगाने के आदेश भी दिए जिससे छूटे हुए बच्चों को टीका लगाया जा सके। इसके साथ ही विकासखंड कसडोल एवं बलौदाबाजार में कुष्ठ की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने तथा स्थान पर ही उपचार शुरू करने के लिए माइक्रोफोन बनाकर क्रियान्वित करने कहा। बैठक में सभी को समन्वय बनाकर कार्य करते हुए बेहतर तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, जिला डाटा प्रबंधक वीरेंद्र बघेल सहित अन्य जिला स्तरीय सलाहकार उपस्थित थे।

## गर्भवती महिलाओं, शिशुओं में कुपोषण दूर करने लगा पोषण पखवाड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

ग्राम हथबंद स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में बुधवार को पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिमगा जनपद की सभापति अंजू पटेल, सरपंच प्रतिनिधि नरेश अनंत, ऋषिकांत पटेल, मूलचंद टंडन, संतराम ध्रुव का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय स्तर के अधिकारी द्वारा पोषण पखवाड़ा की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, शिशुओं एवं किशोरियों में कुपोषण को दूर कर स्वास्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना है। साथ ही संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री से बनाए गए पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया।

■ जागरूकता और स्वास्थ्य संवर्धन के विविध कार्यक्रम हुए

यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग सिमगा के अंतर्गत सेक्टर सुपरवाइजर लक्ष्मी नायक के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर आयुर्वेद औषधालय से डॉक्टर नम्रता सिंघानिया द्वारा आयुर्वेद दवाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व दवाई वितरण भी किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा दुबे, कादम्बनी शुक्ला, सुरेखा चतुरे, पायल चतुरे, सुशीला निषाद, ललिता जोगी, सक्रिय महिला सदस्य साधना मिश्रा, मंजू साहू, अंजनी देवदास सहित बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे जनजागरूकता अभियानों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# खाद-बीज के लिए कृषकों का एग्रीस्टैक में पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कृषकों के लिए संचालित महत्वपूर्ण योजनाएं को कुशलतापूर्वक पहुंचाने हेतु कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन आवश्यक है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने हेतु पूर्व में पंजीकृत एवं नये जुड़ने वाले किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल अंतर्गत फार्मर आईडी अनिवार्य है। इसके अभाव में किसान आगामी किस्त से वंचित हो सकते हैं। साथ ही साथ ही इस वर्ष नई व्यवस्था के तहत खाद खरीदते समय किसानों को पीओएस मशीन पर फार्मर आईडी दर्ज करनी होगी। फार्मर आईडी में जमीन की सारे विवरण दर्ज होंगे तथा इसी आधार पर उर्वरक मिलेगा।

एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान स्वयं मोबाइल एप के माध्यम से अथवा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं सहकारी समिति के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में कृषि भूमि स्वामी होने सम्बंधित दस्तावेज (बी-1 / ऋण पुस्तिका), आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक है। पंजीयन के दौरान भूमि संबंधी समस्या, हिस्सेदारी हेतु आवश्यक सुधार के लिए संबंधित पटवारी से संपर्क कर जानकारी सुधार कराने पश्चात पंजीयन करा सकते हैं। एग्रीस्टैक योजना भारत सरकार की एक प्रमुख डिजिटल पहल है जो किसानों के लिए एक एकीकृत डिजिटल पहचान (फार्मर आईडी) बनाती है। यह आधार कार्ड की तरह काम करती है जो भूमि रिकॉर्ड, फसल विवरण, बीमा और सब्सिडी को एक ही मंच पर जोडती है। इसका उद्देश्य बिचौलियों को खत्म कर सीधे बैंक खातों में लाभ पहुंचाना है।

■ पीएम किसान सम्मान निधि के लिए भी कराना होगा पंजीयन

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम है महिलाओं के सशक्तिकरण का नया अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नारी शक्ति किसी भी समाज की प्रगति का आधार होती है। भारत जैसे देश में महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित की है, लेकिन लंबे समय तक उन्हें राजनीति और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में पर्याप्त अवसर नहीं मिले। इसी असमानता को दूर करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 लाया गया, जिसे आमतौर पर नारी शक्ति अधिनियम भी कहा जाता है।



मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा ने कहा यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% सीटें आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। इससे महिलाओं को राजनीति में अधिक भागीदारी का अवसर मिलेगा और वे देश के महत्वपूर्ण निर्णयों में अपनी भूमिका निभा सकेंगी। इस कानून का लाभ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को भी मिलेगा, जिससे समाज के हर वर्ग की महिलाओं को समान अवसर प्राप्त होगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है। जब महिलाएं राजनीति में सक्रिय होंगी, तो वे शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगी। इससे न केवल महिलाओं की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि पूरे समाज का विकास भी तेज़ होगा। इस अधिनियम का महत्व केवल राजनीतिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक सोच में भी परिवर्तन लाने का कार्य करेगा। यह संदेश देता है कि महिलाएं पुरुषों के बराबर हैं और वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भाजपा ने बताया ऐतिहासिक, कांग्रेस पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महिला संशोधन बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी अमित साहू, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा तथा हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ शालिनी राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए नेताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश की महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी रहा है और यह विधेयक देश की आधी आबादी को नीति निर्धारण में सक्रिय भागीदारी देने का प्रयास है। भाजपा ने सभी दलों से इस पहल का समर्थन करने का आग्रह किया था, ताकि महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते इस ऐतिहासिक अवसर को बाधित किया। उनका कहना था कि पिछले 30 वर्षों से महिला आरक्षण को लेकर टालमटोल की राजनीति की जाती रही है, जिससे देश की महिलाओं को अपेक्षित अधिकार नहीं मिल पाए। उन्होंने कहा कि यह केवल सीटों का मुद्दा नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा विषय है।




वक्ताओं ने कहा कि विपक्ष ने तकनीकी आपत्तियों के बहाने महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कमजोर किया है। भाजपा नेताओं के अनुसार, यह विषय राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन से जुड़ा था, लेकिन विपक्ष ने इसे भी राजनीतिक चश्मे से देखा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों का रुख परंपरागत रूप से महिला विरोधी रहा है।

इतिहास का उल्लेख करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि महिला आरक्षण बिल पहली बार 1996 में पेश किया गया था, लेकिन विभिन्न सरकारों के दौरान यह लंबित ही रहा। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय इसे पारित करने के कई प्रयास हुए, लेकिन सहयोगी दलों के विरोध के कारण सफलता नहीं मिल सकी। वहीं, यूपीए सरकार के दस वर्षों में भी इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया। नेताओं ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनमें शौचालय निर्माण, उज्ज्वला योजना, बैंकिंग सुविधा और आवास जैसी मूलभूत जरूरतों को प्राथमिकता दी गई। इसके बावजूद विपक्ष इन प्रयासों का विरोध करता रहा है। भाजपा पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि भले ही वर्तमान में इस विधेयक को लेकर बाधाएं आई हों, लेकिन महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने का संकल्प अडिग है। इस अवसर पर कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता वर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रणम पाण्डे, मणिकांत मिश्रा, आलोक अग्रवाल, तरुण वर्मा, पुरुषोत्तम सोनी, रितेश श्रीवास्तव एवं नीलम सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।




**अभिसरण एवं अंतर विभागीय समन्वय आधारित योजना पर विशेष जोर**

# प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए अंतर विभागीय समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर की अध्यक्षता में सोमवार को वनमण्डल कार्यालय, बलौदाबाजार में प्राकृतिक संसाधनों का इंटीग्रेटेड लैंडस्केप लेवल प्लानिंग हेतु अंतर विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं सीएसआर संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में क्षेत्रीय विकास, आजीविका संवर्धन तथा संसाधनों के समन्वित उपयोग पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान कृषि, उद्यानिकी एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा कार्यों के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया गया जिसमें मानव वन्यजीव द्वंद्व प्रबंधन हेतु हल्दी, सरसों, मधुमक्खी पालन जैसे संभावनाओं पर चर्चा की गई। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा पारंपरिक पौधों की पहचान एवं संरक्षण से संबंधित पहल प्रस्तुत की गई, जिस पर आगे कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन किए जाने पर सहमति बनी।



वनांचल क्षेत्र में आजीविका संवर्धन के अंतर्गत मधुमक्खी पालन, लाख उत्पादन एवं अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय को जोड़ने तथा किसान हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। विभागों के मध्य डेटा एकीकरण एवं जिला स्तर पर अभिसरण सेल के गठन के माध्यम से समन्वित कार्यप्रणाली विकसित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त बंद खदान क्षेत्रों के उपयोग, जल संरक्षण, ग्रीन बेल्ट विकास एवं वृक्षारोपण कार्यों में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग को सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श किया गया। इन क्षेत्रों को भविष्य में पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

